पेज थ्री
देहरादून

कैंट विधानसभा के सत्तोवाली घाटी में खोला आम आदमी पार्टी का चुनाव कार्यालय।



देहरादून, मंगलवार 8 फरवरी 2022

पेज 8

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### एक से नौवीं तक की कक्षाएं शुरू

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के सभी सरकारी, सहायताप्राप्त अशासकीय और निजी विद्यालयों में कक्षा एक से नौवीं तक पढ़ाई के लिए आज से स्कूल खुल गए हैं। मंगला देवी इंटर कालेज समेत अन्य स्कूलों में बच्चों पहुंचने लगे हैं। काफी वक्त बाद स्कूलों में चहल–पहल देखने को मिली। विद्यालयों में पढ़ाई हाइब्रिड मोड में, यानी आफलाइन के साथ आनलाइन भी कराई जाएगी। बोर्डिंग विद्यालयों में आवासीय परिसर में रहने वाले शिक्षकों व अन्य कार्मिकों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाने का प्रमाणपत्र अथवा अधिकतम 48 घंटे पहले की आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

### राहुल 10 और प्रियंका 12 फरवरी को आएंगे उत्तराखंड

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में प्रचार को धार देने के लिए कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 10 फरवरी को तीसरी बार उत्तराखंड का दौरा करेंगे। वहीं पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 12 फरवरी को उत्तराखंड पहुंचेंगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी 10 फरवरी को श्रीनगर और अल्मोड़ा में रैली को संबोधित करेंगे। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा 12 फरवरी को ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में रैली को संबोधित करेंगी। महामंत्री संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि दोनों नेताओं को कार्यक्रम लगभग तय है।

### राज्य में फिर से भाजपा की सरकार का आना तय: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए कुछ दिन ही शेष है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी विस के साथ अन्य स्थान विस क्षेत्रों में भी प्रचार कर रहे हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। कहा इस बार चुनाव मैदान में कारनामे करने वाले और विकास कार्य करने वालों के बीच मुकाबला है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने पौड़ी विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी राजकुमार पोरी के समर्थन में डोर टू डोर जनसंपर्क किया।

### आप पार्टी प्रत्याशी के करीबी के यहां इनकम टैक्स का छापा

**संवाददाता** देहरादून। दून से काशीपुर पहुंची आयकर टीम ने आप पार्टी के उम्मीवार दीपक बाली के रिश्तेदार और शहर जाने माने व्यवसायी के देवस्थली स्थित आवास पर छापेमारी की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि व्यवसायी के रामनगर स्थित प्रतिष्ठान पर भी आयकर एक टीम पहुंची हुई है। टीम ने व्यवसायी के प्रतिष्ठानों के दस्तावेजों की गहनता से जांच पड़ताल की। इस दौरान व्यापारी उनके घर वालों के बयान भी लिए जा रहे हैं।

# चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए लोग स्वच्छता के मायने नहीं समझते


■ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उत्तराखंड वीरों की है भूमि

■ भाजपा के अलावा कोई अन्य पार्टी राष्ट्रीय पार्टी नहीं रह गई

**उपलब्धियां**

**संवाददाता**

देहरादून/बागेश्वर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उत्तराखंड वीरों की भूमि है। सरयू गोमती के संगम बगनाथ की धरती कुली बेगार आंदोलन के जन्मभूमि को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि यह भूमि आजादी के आंदोलन की भूमि कहा जाता है। भाजपा की विशेषता है कि चुनावी सभा में जब आते हैं तब दमभर के कहते हैं कि हमने विकास किया है, जबकि अन्य पार्टियां व्यक्ति व समाज को बांटने का काम करती हैं।



सोमवार को नुमाइशखेत मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव–गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों को बताएं। विधायकों को जिताकर कुर्सी पर बैठाने नहीं बल्कि आने वाले समय की विकास योजनाओं का खाका तैयार करने आए हैं। भाजपा के अलावा कोई अन्य पार्टी राष्ट्रीय पार्टी नहीं रह गई। भाजपा के अलावा अन्य पार्टियां परिवार की पार्टी बनकर कर रह गईं।

नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी ने जनधन खाते खोलकर भारत के गरीबों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। 1971 में इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। लेकिन गरीबों के खाते नहीं खुल पाए। 2014 तक केवल बैंकों में पौने तीन करोड़ खाते थे। जो अब 40 करोड़ है। करोनाकाल में इन खातों में पांच–पांच सौ रुपये डाले गए। उत्तराखंड के 26 लाख 83 हजार खातों में यह पैसा आया।

18 हजार गांवों को बिजली से जोड़कर 2.62 करोड़ परिवारों तक रोशनी पहुंचाई। वन रैंक वन पेंशन भाजपा की सरकार ने लागू किया। समूह ग व घ में सैनिक परिवार के लिए रोजगार की व्यवस्था दी। देश की रक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने का काम भाजपा की सरकार ने किया। नड्डा ने कहा कि बुलेट प्रूफ जैकेट भारत के सैनिकों के पास नहीं थे। आज भारत बुलेटप्रूफ जैकेट विदेशों को भी निर्यात कर रहा है।

**राज्य में रोपवे का काम प्रगति पर:** नए बजट में पहाड़ी क्षेत्र में रोपवे बनेंगे। जबकि राज्य में चार स्थानों पर 60 किलोमीटर रोपवे बनने का काम प्रगति पर है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का कार्य शुरू हो गया है। टनकपुर–बागेश्वर रेललाइन का भी निर्माण होगा। नया उत्तराखंड खड़ा हो गया है। नेचरल फाइबर अल्मोड़ा में खुल चुका है। उधम सिंह नगर नया एयरपोर्ट बन रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग मंदिर के दर्शन नहीं करते वह आज मंदिर जाकर आरती कर रहे है।

### पीएम मोदी ने 11 करोड़ शौचालय बनाए

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को स्वच्छता के मायने समझ नहीं आते। 1966 में राम मनोहर लोहिया ने भारत की महिलाओं के खुले में शौच को लेकर मुद्दा उठाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 करोड़ शौचालय पूरे देश में बनाए हैं। जिसमें पांच लाख 22 हजार उत्तराखंड में बने हैं। उज्ज्वला योजना से भारत में दस करोड़ सिलेंडर महिलाओं को मिले हैं। जिसमें तीन लाख 65 हजार राज्य की लाभान्वित होने वाली महिलाएं भी शामिल हैं।

अटल जी ने उत्तराखंड बनाया है उसे संवारने काम मोदी कर रहे है। 34 हजार किसानों को किसान निधि 6760 परिवारों को सौभाग्य योजना के तहत बिजली संयोजन दिए गए हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, कपकोट के प्रत्याशी सुरेश गढ़िया, चदंन राम दास, राम प्रसाद टम्टा, शेर सिंह गढ़िया, बसंती देव, बलवंत भौर्याल, सुबोध लाल साह, सुरेश कांडपाल, प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट, पुष्पा देवी, हेमा देवी, गोविंद टंगड़िया आदि मौजूद थे।

# केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

**आरोप**

■अरविंद केजरीवाल बोले, भाजपा–कांग्रेस की सरकारों में सिर्फ हुआ भ्रष्टाचार

**संवाददाता**

हरिद्वार। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। केजरीवाल ने कहा कि राज्य बनने के बाद से कुछ भी नहीं हुआ है। आज भी उत्तराखंड वहीं का वहीं है। दोनों की समय–समय की सरकारों में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के काम के गिनाकर आम आदमी पार्टी के लिए उत्तराखंड की जनता से वोट मांगा। साथ ही कहा कि निशुल्क शिक्षा और निशुल्क स्वास्थ्य के साथ की घोषणाओं के चलते प्रदेश के हर परिवार को पांच साल में दस लाख का फायदा होगा।




अरविंद केजरीवाल हरिद्वार के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। दूसरे दिन उन्होंने हरिद्वार में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा और कांग्रेस की सरकारों पर निशाना साधा। इसके बाद उन्होंने आम आदमी पार्टी का एजेंडा भी सबके सामने रखा। केजरीवाल कुछ इलाकों में डोर टू डोर प्रचार भी कर सकते हैं। हालांकि, अभी यह तय नहीं हो पाया है कि वह किस क्षेत्र में प्रचार करेंगे। अरविंद केजरीवाल के हरिद्वार पहुंचने से आप कार्यकर्ता खासे उत्साहित हैं। प्रत्याशी भी अपने–अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

**ये हैं केजरीवाल के वादें**

■5000 रुपये रोजगारी भत्ता देने और 1000 महिला भत्ता, निशुल्क शिक्षा, अच्छा व निशुल्क स्वास्थ्य सेवा।

■सड़क सुधार, तीर्थ यात्रा सुविधा सभी धर्मों के लोगों को।

■उत्तराखंड को आध्यात्मिक राजधानी बनाने की घोषणा।

■अवकाश प्राप्त सैनिकों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

■शहीद सैनिकों को एक करोड़ की सम्मान राशि देने की बात कही, पुलिस कर्मियों को भी इसमें शामिल किया।

### कई लोगों ने ग्रहण की आम आदमी पार्टी की सदस्यता'

**संवाददाता** देहरादून।' सोमवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत द्रोण पूरी की सत्तोवाली घाटी में आम आदमी पार्टी का चुनाव कार्यालय खोला गया। इस मौके पर रेखा बनर्जी जी को आम आदमी पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई। मौके पर मौजूद आम आदमी पार्टी के कैंट विधानसभा प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद में कहा की जनसंपर्क के दौरान लोगों में आम आदमी पार्टी के प्रति अच्छा खासा रुझान देखने को मिल रहा है लोक सामने से आकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कैंट विधानसभा के ही देव सुमन नगर में भी लोगों ने आज आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की वही पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर रेखा बनर्जी जी ने भी आज आम आदमी पार्टी की सदस्यता विधिवत रूप से ग्रहण की। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।